

LET'S READ

कहीं भी, कभी भी

12

महीनों से

बच्चों के साथ पढ़ना

बच्चों को क्या पसंद है:

- आपके पास बैठना, किताब और आपका चेहरा देखना
- अपने चारों ओर की दुनिया को देखना और सुनना
- कहानियों, नर्सरी गीतों और संगीत की लय पर झूमना
- अलग-अलग प्रकार की चीजों को छूना (नरम, चिकनी, कांटेदार)
- पहले सुने गए गाने, किताबें और कहानियाँ बार-बार सुनना
- पुस्तक को पकड़ना और महसूस करना व पन्ने बदलने में मदद करना — बोर्ड की किताबें बहुत अच्छी रहती हैं
- परिवार, भोजन, पशुओं, और रंगों के बारे में पुस्तकों को देखना।

हरेक दिन लयों, गानों और कहानियों को साथ में बाँटें

Hindi

आप अपने बच्चे को एक प्रबल पाठक के रूप में विकसित होने में मदद कर सकते/सकती हैं।

कैसे?

- यह सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा आपके चेहरे और उस किताब को देख सकता है जिसे आप साझा कर रहे/रही हैं
- अपने बच्चे के साथ खेलें और हंसें
- अपने बच्चे को अलग-अलग सतहें स्पर्श करने के लिए दें और उनसे पूछें कि वह कैसा लग रहा है
- ऐसे गाने गाएं जिनपर आपका बच्चा ताली बजा सकता है, नाच सकता है और हिल-डुल सकता है
- आपका बच्चा क्या कर रहा है या किस तरफ इशारा कर रहा, इसके बारे में बात करें
- बार-बार अपने बच्चे की पसंदीदा कहानियाँ और कविताएं सुनाएं
- पुस्तक में आपका बच्चा जिन तस्वीरों को छूता है या जिनकी ओर इशारा करता है, उनके नाम बताएं
- अपने बच्चे के साथ साझा करने के लिए घर में किताबें रखें
- अपने बच्चे को किताबें देखने के लिए और पढ़ने के सत्रों और गतिविधियों में शामिल होने के लिए पुस्तकालय ले जाएं — यह नि:शुल्क और मज़ेदार है!

ऑस्ट्रेलियाई सरकार Murdoch Childrens Research Institute और The Smith Family के साथ चलो पढ़ें उपलब्ध कराने के लिए साझेदारी में काम कर रही है।

परियोजना के भागीदार:

murdoch children's research institute

The Smith Family
Learn today, change tomorrow.

साथ में संबद्ध:

The Royal Children's Hospital Melbourne

raisingchildren.net.au
the australian parenting website

© कॉपीराइट 2013 Wendy Paterson, Honey Ant Readers द्वारा चित्र

ERC 121477